भारतीय संविधान में भाग 3 के अंतर्गत अनुच्छेद 12-35 में मौलिक अधिकारों का वर्णन किया गया हैं, जो निम्न हैं- (1) समानता का अधिकार (2) स्वतंत्रता का अधिकार (3) शोषण के विरूद्ध अधिकार (4) धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार (5) संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार (6) संवैधानिक उपचारों का अधिकार इस लेख में आप को सभी परीक्षा में बार- बार पूछें प्रश्नों की जानकारी दी गई हैं तथा यहां से आप मौलिक अधिकार MCQ pdf Download कर सकते हैं|

Q.1 निम्न में से कौन-सा एक सही हैं?

A) भारत सरकार अधिनियम, 1935 ने मूल अधिकारों को प्रश्रय दिया था|

B) अगस्त प्रस्ताव, 1940 ने मूल अधिकार शामिल किए थे|

C) क्रिप्प्स मिशन, 1942 ने मूल अधिकारों प्रश्रय दिया था|

D) भारतीय संविधान में मूल अधिकारों को शामिल करने के लिए नेहरू रिपोर्ट (1928) ने समर्थन था|

Ans. D

Explain- भारतीय संविधान में मूल अधिकारों को सम्मिलित करने का समर्थन नेहरू रिपोर्ट (1928) द्वारा किया गया था|

Q.2 मौलिक अधिकार क्या हैं?

A) वाद योग्य B) अ-वाद योग्य

C) लचीले D) कठोर

Ans. A

Q.3 मौलिक अधिकार -

A) कभी भी निलंबित नहीं किए जा सकते|

B) प्रधानमंत्री के निर्देशों से निलंबित हो सकते हैं|

C) आपालकालीन स्थिति में निलंबित किए जा सकते हैं|

D) राष्ट्रपति की इच्छा पर निलंबित हो सकते हैं|

Ans. C

Q.4 भारतीय संविधान में किस अनुच्छेद के अंतर्गत नागरिकों को मौलिक अधिकार प्रदान किए गए हैं?

A) अनुच्छेद 112-115 B) अनुच्छेद 12-35

C) अनुच्छेद 222-235 D) इनमें से कोई नहीं

Ans B

Explain- भारतीय संविधान के भाग 3 में अनुच्छेद 12-35 तक मौलिक अधिकारों का वर्णन किया गया हैं| वर्तमान में कुल 6 मौलिक अधिकार प्रदान किए गए हैं|

Q.5 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद संवैधानिक प्रावधानों को संघीय संसद/राज्य विधान पालिकाओं द्वारा बनाए गए नियमों कानूनों पर प्राथमिकता प्रदान करता हैं?

A) अनुच्छेद  13 B) अनुच्छेद 32

C) अनुच्छेद 245 D) अनुच्छेद 326

Ans. A

इसे भी पढ़े

Fundamental Rights ( मूल अधिकार )

Q.6 भारतीय संविधान में, समता का अधिकार पांच अनुच्छेदों द्वारा प्रदान किया गया हैं| ये हैं-

A) अनुच्छेद 16 -20 B) अनुच्छेद 15-19

C) अनुच्छेद 14-18 D) अनुच्छेद 13-17

Ans. C

Q.7 भारतीय संविधान के निम्न अनुच्छेदों में से कौन विधायन सत्ता पर पूर्ण नियंत्रण लगता हैं?

A) अनुच्छेद 14 B) अनुच्छेद 15

C) अनुच्छेद 16 D) अनुच्छेद 17

Ans A

Explain- अनुच्छेद 14- विधि के समक्ष

अनुच्छेद 15- धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर विभेद का प्रतिषेध

अनुच्छेद 16- लोक नियोजन के विषयों में अवसर की समता

Anuchhed 17- अस्पृश्यता का अंत

अनुच्छेद 18 - उपाधियों का अंत

Q.8 विधि का नियम या कानून का अधिराज्य का मतलब क्या हैं?

A) सभी के लिए एक कानून और एक न्यायतंत्र

B) सभी के लिए एक कानून और एक राज्य

C) सभी के लिए एक राज्य और एक न्यायतंत्र

D) एक के लिए सभी कानून और सभी के लिए एक न्यायतंत्र

Ans. A

Q.9 मद्रास राज्य बनाम दोरायराजन 1951 के मुकदमे में भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के परिणाम स्वरूप निम्न में से किस मौलिक अधिकार को संशोधित किया गया?

A) विधि के समक्ष समानता का अधिकार

B) भेदभाव के विरूद्ध अधिकार

C) अस्पृश्ता के विरूद्ध अधिकार

D) विचार एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार

Ans. B

Q.10 संविधान के किन अनुच्छेदों के अनुसार, ओ बी सी (अन्य पिछड़ा वर्ग) को आरक्षण के प्रावधान किए गए हैं?

A) अनुच्छेद 13(2) तथा 14

B) अनुच्छेद 14 एवं 15

C) अनुच्छेद 15(4) तथा 16(4)

D) अनुच्छेद 17 एवं 18

Ans. C

Q.11 भारतीय संविधान में जैसा निहित हैं, निम्न में से कौन-सा समानता के मौलिक अधिकार में सम्मिलित नहीं हैं?

A) कानून के समक्ष समानता B) सामाजिक समानता

C) अवसर की समानता D) आर्थिक समानता

Ans. D

Explain- कानून के समक्ष अनुच्छेद 14 के तहत, सामाजिक समानता अनुच्छेद 15 के तहत तथा अवसर की समानता अनुच्छेद 16 के तहत

समानता के मौलिक अधिकार में शामिल हैं, जबकि आर्थिक समानता इसमें शामिल नहीं हैं|

Q.12 भारत के संविधान का निम्न में से कौन-सा अनुच्छेद प्रेस की स्वतंत्रता से संबंधित हैं?

A) अनुच्छेद 19 B) अनुच्छेद 20

C) अनुच्छेद 21 D) अनुच्छेद 22

Ans. A

Explain- संविधान में प्रत्यक्ष रूप में प्रेस की स्वतंत्रता का उल्लेख नहीं हैं, अनुच्छेद 19(1) क के अंतर्गत वर्णित वाक्- स्वातंत्र्य और अभिव्यक्ति - स्वातंत्र्य के अधिकार में न्यायालय द्वारा इसको निहित माना गया हैं|

Q.13 निम्न में से किस आधार के कारण नागरिक की विचार अभियक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता हैं?

A) भारत की संप्रभुता B) लोक व्यवस्था

C) न्यायपालिका का अपमान D) अवांछनीय आलोचना

Ans. D

Q.14 भारतीय गणराज्य के संविधान का कौन-सा अनुच्छेद व्यक्ति की प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता के संरक्षण से संबंधित हैं?

A) अनुच्छेद 19 B) अनुच्छेद 21

C) अनुच्छेद 20 D) अनुच्छेद 22

Ans. B

Q.15 भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में विधि की सम्यक प्रक्रिया के सिद्धांत को शामिल किया गया हैं?

A) 11 B) 16

C) 21 D) 26

Ans. C

Q.16 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद व्यक्ति के विदेश यात्रा के अधिकार को संरक्षण प्रदान करता हैं?

A) 14 B) 19

C) 21 D) कोई नहीं

Ans. C

Q.17 निम्न अधिकारों में से कौन-सा अधिकार 19(1) (d) को अनुच्छेद 21 से मिलाकर पढ़ने पर प्राप्त होता हैं?

A) विदेशी यात्रा का अधिकार

(B) शरण पाने का अधिकार

(C) सूचना प्राप्त करने का अधिकार

(D) एकांतता का अधिकार

Ans. D

Q.18 भारत के संविधान का कौन-सा अनुच्छेद अपनी पसंद के व्यक्ति से विवाह करने के किसी व्यक्ति के अधिकार को संरक्षण देता हैं?

A) अनुच्छेद 19　　B) अनुच्छेद 21

C) अनुच्छेद 25　　D) अनुच्छेद 29

Ans. B

Q.19 निम्न में से कौन संविधान के अनुच्छेद 21 के दायरे में नहीं आता है?

A) एक चिकित्सक द्वारा घायल को चिकित्सकीय सहायता

B) कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न

C) पानी की गुणवत्ता को दूषित करना

D) मृत्युदंड

Ans. D

Q.20 भारतीय संविधान में शिक्षा का अधिकार कब जोड़ा गया?

A) 1 अप्रैल 2010　　B) 1 अगस्त 2010

C) 1 दिसंबर 2010 D) 1 अक्टूबर 2010

Ans. A

Q.21 निम्न में से कौन- सा एक अधिकार राष्ट्रीय आपातकाल तक में भी समाप्त या सीमित नहीं किया जा सकता हैं?

A) देश के किसी भाग में निवास तथा बसने की स्वतंत्रता का अधिकार

B) व्यक्तिगत स्वतंत्रता तथा जीवन का अधिकार

C) भारत के संपूर्ण क्षेत्र में अबाध भ्रमण की स्वतंत्रता का अधिकार

D) व्रती या उपजीविका की स्वतंत्रता का अधिकार

Ans. B

Q.22 उच्चतम न्यायालय के किस मामले के निर्णय के कारण संविधान के अनुच्छेद 21 के कार्यक्षेत्र का विस्तार कर, शिक्षा के अधिकार को उसमे शामिल किया गया हैं?

A) उन्नीकृष्णन बनाम आंध्र प्रदेश

B) गोविंद बनाम मध्य प्रदेश राज्य

C) चमेली सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य

D) परमानंद कटारा बनाम भारत संघ

Ans. A

Q.23 निम्न में से 6 वर्ष की आयु से 14 वर्ष की आयु के बीच के सभी बच्चों को शिक्षा का अधिकार-

A) राज्य के नीति निदेशक तत्व

B) मौलिक अधिकार

C) सांविधिक अधिकार

D) कोई नहीं

Ans. B

Q.24 आई सी सी पी आर के किस अनुच्छेद द्वारा बाल अधिकार को सुरक्षित किया गया हैं?

A) 35 B) 24

C) 21 D) 23

Ans. B

Q.25 संविधान का कौन सा अनुच्छेद दोषसिद्धि के संबंध में अभियुक्तों को दोहरे एवं स्व- अभिशंसन से संरक्षण प्रदान करता हैं?

A) अनुच्छेद 19 B) अनुच्छेद 20

C) अनुच्छेद 21 D) अनुच्छेद 22

Ans. B

Q.26 बंदी बनाए गए व्यक्ति के मौलिक अधिकारों की रक्षा किस अनुच्छेद से प्रदत्त हैं?

A) अनुच्छेद 15 B) अनुच्छेद 17

C) अनुच्छेद 21 D) अनुच्छेद 22

Ans. D

Q.27 प्रत्यक्ष बंदीकरण (निवारक निरोध) अधिनियम के अंतर्गत एक व्यक्ति बिना मुकदमा चलाए बंदी बनाया जा सकता हैं?

A) 1 माह के लिए B) 3 माह के लिए

C) 6 माह के लिए D) 9 माह के लिए

Ans. B

Q.28 संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत सिक्खों द्वारा कृपाण धारण करना धार्मिक स्वतंत्रता का अंग माना गया हैं?

A) अनुच्छेद 24 B) अनुच्छेद 25

C) अनुच्छेद 26 D) अनुच्छेद 27

Ans. B

Q.29 भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 में प्रयुक्त हिंदू शब्द किसे सम्मिलित नहीं करता?

A) बौद्धों को B) जैनों को

C) पारसियों को D) सिक्खो को

Ans. C

Q.30 भारतीय संविधान का कौन- सा अनुच्छेद अल्पसंख्यकों को अपनी मनपसंद शिक्षण संस्थानों को स्थापित एवं संचालित करने के अधिकार को संरक्षण प्रदान करता हैं?

A) अनुच्छेद 19 B) अनुच्छेद 26

C) अनुच्छेद 29 D) अनुच्छेद 30

Ans. D

Q.31 मौलिक अधिकारों का संरक्षक हैं-

A) न्यायपालिका B) कार्यकारिणी

C) संसद D) कोई नहीं

Ans. A

Q.32 संविधान के अंतर्गत मूल अधिकारों का संरक्षक कौन हैं?

A) संसद B) राष्ट्रपति

C) सर्वोच्च न्यायालय D) मंत्रिमंडल

Ans. C

Q.33 भारतीय संविधान के अंतर्गत निम्न में से किस एक को मौलिक अधिकार का रक्षक तथा भारत के संविधान का अभिभावक माना जाता हैं?

A) संसद। B) उच्चतम न्यायालय

C) राष्ट्रपति। D) महान्यायवादी

Ans. B

मौलिक अधिकार MCQ Pdf Download

यदि आप मौलिक अधिकार MCQ Pdf Download करना चाहते हैं, तथा परीक्षा से जुड़ी सभी जानकारियां प्राप्त करना चाहते हैं। तो आप हमारे द्वारा नीचे दिए गए लिंक के जरिए डाउनलोड कर सकते हैं।

मौलिक अधिकार Mcq Pdf Download

मौलिक अधिकार Mcq Pdf Download Click here

Also Read

सांस फूलने में क्या नहीं खाना चाहिए ?

भारत के प्राकृतिक प्रदेश Pdf Download